बरेली, गुरुवार
6 मार्च, 2025
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 16+4=20

# दैनिक जागरण

**PAGE NO : IV MIDDLE**

## एसआरएमएस में हुआ कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन

बरेली : श्रीराम मूर्ति स्मारक कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नालोजी के ट्रेनिंग डेवलपमेंट एंड प्लेसमेंट विभाग में शिवा एचआर स्किलिंग साल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा एमबीए (फीमेल) 2025 बैच के विद्यार्थियों के लिए कैंपस प्लेसमेंट हुआ। इसमें श्रीराम मूर्ति स्मारक कालेज आफ इंजीनियरिंग टेक्नालोजी के विद्यार्थियों ने भाग लिया। डा. अनुज कुमार, निदेशक ट्रेनिंग डेवलपमेंट एंड प्लेसमेंट ने कंपनी से आये प्रतिनिधियों का स्वागत किया। नौ में से सात विद्यार्थियों का फेस टू फेस इंटरव्यू हुआ। अंतिम चयन की घोषणा जल्द की करने की बात कही गई। इस आयोजन को सफल बनाने में डा. शोभित कुमार सक्सेना, शाइस्ता कमर जैदी, रिया रेजी और राहुल सक्सेना का विशेष योगदान रहा।



कैंपस प्लेसमेंट में आए अधिकारी का स्वागत करते हुए शिक्षक • संस्थान